TS SSC Hindi Guess Paper 2025

S. No.	Questions
1	निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सब से खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। इसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया - उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं। उसके घुटनों में शक्ति नहीं थीं और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। अतः वह ज्यादा देर तक खुड़ा नहीं रह पाता था इसी लिए उसे खेलने की मनाही थी। जब भी उसके स्कूल में मैच होता, राजू अपने साथियों को खेलते हुए देखता और ज़ोर-शोर से उनका उत्साह बढ़ाता। जब उसके मित्र मैच हारने लगते तो राजू के प्रेरणादायक शब्दों से उनमें आशा का संचार होता और वे नयी स्फूर्ति से खेलने लगते। **प्रश्न**: 1. गद्यांश में किस स्थान के बारे में बताया गया है? 2. राजू किसकी मदद करता था? 3. राजू में क्या कमज़ोरी थी? 4. राजू को खेलने की मनाही क्यों थी? 5. जब मित्र मैच हारने लगते तो राजू क्या करता था?
2	निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। माँ मुझे आने दे, डर मत आने दे। फैलूँगी तेरे आँगन में हरियाली बनकर लिपटूँगी तेरे आँचल में खुशबू बनकर मेरी किलक और ठुमकते कदमों में घर का सन्नाटा बिखर जाएगा जो पसरा है पिता के दंभ भाई की उदंडता के कारण सदियों से। पोछ दूँगी अँधेरा, जो तेरे माथे की सिलवटों में सिमटा है कभी कभी झर जाता है ओस की बूँदों-सा, आँखों की कोरों से। **प्रश्न**: 1. अजन्मी लड़की आँगन में क्या करेगी? 2. किससे घर का सन्नाटा बिखर जाएगा? 3. पद्यांश में भाई की क्या विशेषता बताई गयी है? 4. अँधेरा कहाँ है? 5. इस पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए।
3	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में लिखिए। 1. काका कालेलकर के बारे में आप क्या जानते हैं? 2. कैसी स्थिति में अमीना ने हामिद का पालन-पोषण किया?

	3. प्राणियों पर रिमझिम वर्षा का कैसा प्रभाव पड़ता है? 4. 'नर' और 'नल नीर' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?
4	'मैं बड़ा होकर क्या बनूँगा?' विषय पर निबंध लिखिए।
5	'कण-कण का अधिकारी' कविता के आधार पर श्रमिक के महत्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
6	कक्षा के सभी छात्रों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कमर बाँधी है। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा पहचानिए।)
7	'जल में रहने वाला प्राणी' (इसके लिए एक शब्द पहचानिए।)
8	सूर्य, हवा और पानी केबिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए।)
9	लेखिका ने प्रधानमंत्री का साक्षात्कार लिया। (कर्मवाच्य मे परिवर्तित रूप)
10	शुद्ध वाक्य पहचानिए। 1. आप समय पर कार्यालय पहुँच जाइए। 2. आप समय पर कार्यालय पहुँचो। 3. आप समय को कार्यालय पहुँचिए। 4. तुम समय पर कार्यालय पहुँच जाइए।
11	बच्चा स्वयं अपनी पढ़ाई जारी रखे। (रेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानिए।)
12	राजा को यह बात अच्छी लगी। (वाक्य का काल पहचानिए।)
13	गर्मी के कारण आने वाली बीमारियाँ और उनसे बचने के उपाय बताते हुए एक करपत्र तैयार कीजिए।
14	धर्मराज को भीष्म पितामह द्वारा दिये गये संदेश पर आज के समाज को दृष्टि में रखकर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
15	'स्वराज्य की नींव' एकांकी की ऐतिहासिकता अपने शब्दों में लिखिए।